<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक – 11.04.2026 (सुबह – 0830 बजे)</u>

मुख्य समाचार

1. **राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने लौटाई सूचना आयुक्तों की फाइल; तीन राजनीतिक नामों पर जताई आपत्ति, मांगी विधिक राय।**
2. **वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने दिए पूरे राज्य में वेतन मद की जांच के आदेश, करोड़ों के घोटाले की आशंका, डीडीओ की भूमिका पर भी संदेह।**
3. **राज्य की डीजीपी ने राजधानी रांची में सुरक्षा सख्त करने के दिए आदेश, नए स्थानों पर लगेंगे हाई–रिजॉल्यूशन सीसीटीवी, एडीजी की अध्यक्षता में कमिटी गठित।**
4. **गगनयान मिशन के लिए इसरो का एकीकृत वायु–विस्फोट परीक्षण सफल, 2027 के मानव मिशन की राह हुई आसान।**
5. **रांची के मोरहाबादी में कल से इंडियन एथलेटिक्स सीरीज–4 का होगा आगाज; जुटेंगे 225 दिग्गज खिलाड़ी, राज्य के 13 खिलाड़ी भी दिखाएंगे दमखम।**

****

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने राज्य सरकार द्वारा भेजी गई सूचना आयुक्तों की नियुक्ति की संचिका को बिना स्वीकृति के वापस लौटा दिया है। राज्यपाल ने विशेष रूप से उन तीन नामों पर आपत्ति जताई है, जो सक्रिय राजनीतिक दलों से जुड़े हुए हैं। राज्य सरकार ने जिन नामों की अनुशंसा की थी, उनमें झामुमो के आईटी सेल प्रभारी तनुज खत्री, कांग्रेस महासचिव अमूल्य नीरज खलखो और भाजपा के मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक शामिल हैं। राज्यपाल ने इन नामों पर विधिक राय मांगी है कि क्या राजनीतिक पृष्ठभूमि वाले व्यक्ति सूचना का अधिकार अधिनियम की धाराओं के तहत इस पद के लिए अर्हता रखते हैं या नहीं।

****

वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने राज्यभर में **फर्जी वेतन निकासी** मामले की उच्चस्तरीय जांच के आदेश दिए हैं। बोकारो और हजारीबाग ट्रेजरी में गड़बड़ी की पुष्टि के बाद, वित्त सचिव को सभी जिलों की समीक्षा करने को कहा गया है। उन्होंने डीडीओ की भूमिका की भी जांच करने को कहा है।

****

राज्य की डीजीपी तदाशा मिश्रा ने रांची में शहरी सुरक्षा और अपराध नियंत्रण को सख्त करने के लिए सीसीटीवी कैमरों के प्रभावी उपयोग का आदेश दिया है। इसके लिए एडीजी मनोज कौशिक की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय समिति गठित की गई है। यह समिति कैमरों की गुणवत्ता सुधारने और नए स्थानों पर स्थापना की समीक्षा कर जल्द रिपोर्ट सौंपेगी।

****

केंद्र सरकार द्वारा आगामी 16 से 18 अप्रैल तक बुलाया गया संसद का विशेष सत्र महिला सशक्तिकरण की दिशा में मील का पत्थर साबित होने वाला है।

****

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन–इसरो ने आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा में गगनयान मिशन के लिए दूसरा सफल एकीकृत वायु–विस्फोट परीक्षण पूरा कर लिया है। यह परीक्षण अंतरिक्ष यात्रियों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस प्रक्रिया में 10 पैराशूट वाली प्रणाली का उपयोग कर क्रू मॉड्यूल को सुरक्षित जलस्तर तक धीमा किया गया। इससे पहले 24 अगस्त, 2025 को चिनूक हेलीकॉप्टर की मदद से पहला सफल परीक्षण किया गया था। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने इस उपलब्धि के लिए इसरो की टीम को बधाई दी है। उल्लेखनीय है कि भारत का पहला मानव सहित अंतरिक्ष मिशन वर्ष 2027 में श्रीहरिकोटा से प्रक्षेपित किया जाना प्रस्तावित है।

****

राज्य में रक्त की कमी और रिप्लेसमेंट ब्लड की व्यवस्था को लेकर राज्य सरकार अब हाईकोर्ट में पुनर्विचार याचिका दायर करने की तैयारी कर रही है। स्वास्थ्य मंत्री डा. इरफान अंसारी ने स्पष्ट किया है कि दिसंबर 2025 में हाईकोर्ट द्वारा बिना डोनर खून देने के आदेश के बाद राज्य के ब्लड बैंकों में स्टॉक लगभग समाप्त हो गया है।

****

खूंटी जिला अब केवल अपनी प्राकृतिक सुंदरता के लिए ही नहीं, बल्कि स्वास्थ्य और पोषण के क्षेत्र में आए बड़े बदलाव के लिए भी पहचाना जा रहा है। पिछले तीन–चार वर्षों में जिला प्रशासन और स्वयंसेवी संस्थाओं के साझा प्रयासों से यहां मातृ और शिशु मृत्यु दर में उत्साहजनक कमी आई है।

****

राज्य में बारिश और ओलावृष्टि का दौर थमने के बाद अब राज्य में गर्मी का असर बढ़ने लगा है। रांची मौसम केंद्र के अनुसार, पिछले 24 घंटों में तापमान सामान्य से नीचे रहने के बाद अब इसमें तेजी से बढ़ोतरी होने की संभावना है। राजधानी रांची में कल अधिकतम तापमान 30 दशमलव 6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, लेकिन मौसम वैज्ञानिकों का अनुमान है कि 13 अप्रैल तक यह बढ़कर 36 डिग्री के पार पहुंच सकता है। वहीं जमशेदपुर, डाल्टनगंज और बोकारो जैसे जिलों में पारा 38 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की उम्मीद है।

****

राजधानी रांची का बिरसा मुंडा स्टेडियम कल इंडियन एथलेटिक्स सीरीज–4 की मेजबानी के लिए पूरी तरह तैयार है। सुबह 6 बजे से शुरू होने वाली इस प्रतियोगिता में सेना, रेलवे और वायुसेना सहित देशभर के 225 दिग्गज खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। राज्य के 13 एथलीट भी इस अंतरराष्ट्रीय स्तर के मंच पर अपना हुनर दिखाएंगे। राज्य सरकार और एथलेटिक्स फेडरेशन ने आयोजन की सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं।

****

और अब अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों ने राज्य की प्रशासनिक नियुक्तियों, मौसम के बदलाव और राजधानी की सुरक्षा से संबंधित खबरों को पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने लिखा है– लोकभवन ने सूचना आयुक्त नियुक्ति की फाइल बिना स्वीकृति के लौटायी।

दैनिक जागरण के शब्द हैं– बोकारो व हजारीबाग के बाद पलामू में भी अब अवैध निकासी का मामला।
प्रभात खबर की सुर्खी है– ट्रेजरी घोटलाः डीएसपी और एसपी भी जांच के घेरे में, पलामू में भी अवैध निकासी का शक, सीएम बोले शुरुआत से करें जांच।
दैनिक भास्कर लिखता है– आरयू को भी मिला बाहरी कुलपति, दिल्ली की प्रो. सरोज शर्मा बनीं वीसी।

***********समाप्त************